कम्युनलिजम वॉच

RAJIV GANDHI INSTITUTE FOR CONTEMPORARY STUDIES

खंड: 2, अंक-1 1अक्टूबर-30 अक्टूबर, 2015

इस अंक में

सांप्रदायिक घटनाएं 2-4

सांप्रदायिक हिंसा और तनाव

- मुहर्रम के जुलूस के दौरान उत्तरभारत के कई राज्यों में हुई हिंसा
- उत्तरप्रदेश के कई जिलों में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा
- कानपुर में धार्मिक पोस्टर फाड़ने से सांप्रदायिक तनाव
- राजस्थान में युवक का शव मिलने के बाद तनाव
- दक्षिण कर्नाटक में बढ रही है सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं
- सिवनी में भाजपा नेता की मौत के बाद सांप्रदायिक तनाव
- बरेली में सांप्रदायिक तनाव
- मंगलौर में सांप्रदायिक तनाव
- गौ हत्या की अफवाह में हिंसा
- कुमारपारा में तनाव
- गुरू ग्रंथ साहिब के अपमान से तनाव

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 9-11

- उत्तरप्रदेश अल्पसंख्यक आयोग ने सांप्रदायिक हिंसा पर नोटिस भेजा
- ईसाइयों के धर्मांतरण मामले में जांच शुरू
- हिंदू रक्षा दल की गिरफ्तारी
- विहिप नेता प्राची का बिसाड़ा गांव जाने पर प्रतिबंध
- साध्वी प्राची के सभा के आयोजन में एफआईआर
- दादरी घटना पूर्व नियोजित थी : राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
- फैजाबाद में मस्जिद में विस्फोट में शामिल दो युवक गिरफ्तार
- हिमाचल में हुई हत्या में 1 गिरफ्तार
- श्री डूंगरगढ हिंसा में जांच की मांग
- संजीव भट्ट की याचिका खारिज
- उ.प्र. पुलिस ने ट्विटर से की शिकायत
- हिंदू रक्षा दल के खिलाफ रिपोर्ट

सांप्रदायिक रणनीति 5-9

- आगरा में नवरात्र के दौरान हिंदू संगठनों ने दी धमकी
- जम्मू में हिंदू संगठनों ने बंद आयोजित किया
- एबीवीपी ने दादरी हत्याकांड में की आपत्तिजनक टिप्पणी
- विहिप ने की होटल पीटरहाफ का नाम बदलने की मांग
- मुस्लिम युवक को जबरन कराया आरएसएस का कैंप
- केरल में हिंदू संगठनों की गाय की राजनीति
- हिमाचल प्रदेश में गौहत्या के आरोप में युवक की हत्या
- आरएसएस बढा रहा है अपना आधार
- गरबा की राजनीति
- विहिप ने की धर्मांतरण रोकने वाले कानून की मांग
- कन्नड़ लेखिका को जान से मारने की धमकी
- दलित लेखक पर हमला
- नाथूराम गोडसे की फांसी के दिन मनेग बलिदान दिवस
- आस्ट्रेलियाई नागरिकों पर हमला
- कारसेवकों की मौत पर विहिप करेगी कार्यक्रम
- अलीगढ में मीट बिक्री पर रोक की मांग
- हिंदू संगठन फैला रहे हैं नफरत
- कर्नाटक में बजरंग दल का गोरक्षा अभियान
- सार्वजनिक भूमि का राजनीतिकरण
- हिंदू संगठन ने पाकिस्तानी कलाकारों के कार्यक्रम को बाधित किया
- रैलियों में मुस्लिमों का विरोध
- गो रक्षा दल के लोग फैला रहे हैं सांप्रदायिकता
- बनारस में घर वापसी का आयोजन

अतिवादी लेखन

- दादरी की हत्या को सही ठहराया आरएसएस की पत्रिका ने

सांप्रदायिक कथन 11

- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दिया विवादित बयान

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े 11

- उत्तरप्रदेश में गौ हत्या के मामले
- झारखंड में सबसे ज्यादा सांप्रदायिक घटनाएं

सांप्रदायिक घटनाएं

सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव

घटनाएं	सम्मिलित संगठन/समूह	दिनांक और घटना स्थल

मुहर्रम के जुलूस के दौरान उत्तरभारत के कई राज्यों में हुई हिंसा **झारखंड** झारखंड के हजारीबाग, रांची, लातेहार, खूंटी, गिरीडीह, धनबाद, पलामू सहित कई जिलों में मुहर्रम के दौरान सांप्रदायिक तनाव की घटनाएं हुई। हजारीबाग में हुई हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। रांची के ओरमांझी इलाके में तनाव के बाद धारा 144 लागू किया गया। **बिहार** बिहार के मधुबनी और खगड़िया में ताजिया जुलूस को लेकर दो समुदायों के बीच झड़प हुई। **राजस्थान** राजस्थान के श्रीडूंगरगढ़ में मुहर्रम के दौरान के दौरान डीजे बंद कराने को लेकर झड़प हुई। **मध्यप्रदेश** मध्यप्रदेश के ग्वालियर, खरगौन में मुहर्रम के दौरान किए गए पथराव से सांप्रदायिक स्थिति बिगड़ गयी और कर्फ्यू लगा दिया गया। **उत्तरप्रदेश** उत्तरप्रदेश में मुहर्रम के दौरान कानपुर ,सिद्धार्थनगर ,कुशीनगर, बलरामपुर, फतेहपुर, गाजीपुर संतकबीरनगर में हिंसक झड़पें हुई। http://www.prabhatkhabar.com/news/khagaria/story/571989.html http://www.business-standard.com/article/news-ians/communal-tension-in-gwalior-curfew-in-one-area-115102400858_.1html http://epaper.jansatta.com//622320Jansatta.com/Jansatta-Hindi-25102015#page/2/1 http://www.bhaskar.com/news/c-181-1737801-ra0049-NOR.html http://www.freepressjournal.in/monster-of-communal-violence-raising-its-ugly-head-in-state/ http://abpnews.abplive.in/ind/2015/10/25/article748081.ece/up_communal_vioence Date Accessed: 25/10/2015	स्थानीय समुदाय	22-23/10/2015 हजारीबाग, रांची, लातेहार, खूंटी, गिरीडीह, धनबाद, पलामू (झारखंड) मधुबनी, खगड़िया, (बिहार) श्रीडूंगरगढ़ (राजस्थान) ग्वालियर, खरगौन (मध्यप्रदेश) कानपुर ,सिद्धार्थनगर , कुशीनगर, बलरामपुर, फतेहपुर, गाजीपुर संतकबीरनगर (उत्तरप्रदेश)
उत्तरप्रदेश के कई जिलों में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंसा उत्तरप्रदेश के कई जिलों में दुर्गा विसर्जन के दौरान सांप्रदायिक तनाव और हिंसा हुई। कन्नौज, बांदा, फतेहपुर, बुलंदशहर, रायबरेली, इलाहाबाद सहित कई जिलों में सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित रहे। http://indiatoday.intoday.in/story/violence-erupts-during-durga-immersion-in-uttar-pradesh/1/505282.html Date Accessed: 22/10/2015	स्थानीय समुदाय	22/10/2015 कन्नौज, बांदा, फतेहपुर, बुलंदशहर, रायबरेली, इलाहाबाद (उत्तरप्रदेश)
कानपुर में धार्मिक पोस्टर फाड़ने से सांप्रदायिक तनाव उत्तरप्रदेश के कानपुर में पोस्टर फाड़े जाने के बाद सांप्रदायिक स्थिति बिगड़ी और इस दौरान हुई हिंसा में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। (http://zeenews.india.com/news/uttar-pradesh/communal-tension-in-kanpur-over-jagran-posters_.1813984html) Date Accessed: 24/10/2015	सांप्रदायिक तत्व	24/10/2015 कानपुर
राजस्थान में युवक का शव मिलने के बाद तनाव राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक समुदाय के युवक का शव मिलने के बाद सांप्रदायिक तनाव हो गया। http://epaper.jansatta.com//622320Jansatta.com/Jansatta-Hindi-25102015#page/2/1 Date Accessed: 25/10/2015	स्थानीय समुदाय	भीलवाड़ा (राजस्थान)
दक्षिण कर्नाटक में बढ रही है सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं बजरंग दल के 30 कार्यकर्ताओं ने पशुओं की चोरी की अफवाह के आधार पर इब्राहीम पेदुबिदरी नाम के व्यक्ति पर हमला किया। बजरंग दल कार्यकर्ता प्रशांत पुजारी की हत्या के बाद बजरंग दल ने मूदबिदरी में बंद का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन मुस्लिम विक्रेताओं की दुकान में तोड़फोड़ हुई। http://www.newindianexpress.com/states/karnataka/Will-Kill-You-Don-Tells-2-Ministers-	बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठन	8/10/2015 9/10/2015 मूदबिदरी (कर्नाटक)

Over-Bajarang-Dal-Activists-Murder/2015/10/26/article3097689.ece http://scroll.in/article/764608/bajrang-dal-activists-murder-coastal-karnataka-is-paying-the-price-for-growing-communalisation Date Accessed: 26/10/2015		
सिवनी में भाजपा नेता की मौत के बाद सांप्रदायिक तनाव सिवनी जिले में एक युवक की भाजपा नेता की गाड़ी से हुई दुर्घटना के बाद स्थानीय युवकों ने उन पर हमला किया। इस घटना के दौरान भाजपा नेता की मौत हो गयी। इसके बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव बिगड़ गयी। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bhopal/Tension-in-Madhya-Pradeshs-Seoni-over-death-of-local-politician/articleshow/49226847.cms Date Accessed: 5/10/2015	हिंदूवादी संगठन	4/10/2014 सिवनी (मध्यप्रदेश)
बरेली में सांप्रदायिक तनाव चक महमूद में जागरण के आयोजन को लेकर हुई विवाद में सांप्रदायिक सदभाव बिगड़ गया। चक महमूद में धार्मिक स्थल पर अराजक तत्वों द्वारा मांस फेंके जाने की घटना के बाद माहौल बिगड़ा। http://timesofindia.indiatimes.com/city/bareilly/Communal-clashes-averted-tension-grips-area/articleshow/49557291.cms http://www.amarujala.com/feature/samachar/national/communal-disturbance-at-muharram-in-uttar-pradesh-hindi-news-dk/?page=0 Date Accessed: 28/10/2015	स्थानीय समुदाय अज्ञात	25/10/2015 बरेली
मंगलौर में सांप्रदायिक तनाव मंगलौर के नेलियाडी में मंगलवार के दिन अल्पसंख्यक समुदाय के सैलून को बंद कराने के विवाद में सांप्रदायिक तनाव हुआ। समुदाय विशेष के लोग मंगलवार के दिन सैलून बंद कराने का दबाव डाल रहे थे। http://timesofindia.indiatimes.com/city/mangaluru/Nelyady-simmers-under-communal-tension-over-non-closure-of-hair-cutting-salon/articleshow/49557868.cms Date Accessed: 27/10/2015	स्थानीय समुदाय	27/10/2015 नेलियाडी मंगलौर (कर्नाटक)
गौ हत्या की अफवाह में हिंसा मैनपुरी में गाय मारने की खबर फैलने के बाद समुदाय विशेष के दो युवकों की पिटाई की गयी। इस दौरान कई गाड़ियों में आग लगा दी गयी और पथराव किया गया। http://aajtak.intoday.in/story/violence-in-mainpuri-after-mob-nearly-lynches-men-accused-of-killing-cow-1-837259.html Date Accessed: 10/10/2015	स्थानीय समुदाय	9/10/2015 मैनपुरी (उत्तरप्रदेश)
कुमारपारा में तनाव असम के कुमारपारा मुस्लिम जमात के सचिव अब्दुल मतलिब ने मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन को पत्र लिखा था कि शुक्रवार की नमाज के चलते मूर्ति विसर्जन की अनुमति न दी जाए। जिसके बाद गुवाहाटी के कुमारपारा में तनाव फैल गया। http://timesofindia.indiatimes.com/city/guwahati/Tension-in-Kumarpara-over-Puja-procession/articleshow/.49377641cms Date Accessed:15/10/2015	स्थानीय समुदाय	15/10/2015 कुमारपारा, गुवाहाटी (असम)
गुरू ग्रंथ साहिब के अपमान से तनाव पंजाब के तरनतारन जिले के एक गांव में गुरूग्रंथ साहिब का अपमान किए जाने की खबर फैलने के बाद कई जिलों में तनाव हो गया। इसके अलावा एक अन्य घटना में बठिंडा के एक गांव में भी धार्मिक किताब के कुछ पन्ने फटे पाए गए जिससे तनाव फैल गया।	सांप्रदायिक तत्व	17/10/2015 और 20/10/2015 तरनतारन, बठिंडा

http://www.bbc.com/hindi/india/151017/10/2015_granthsahib_tarantaran_dil_dil http://www.jansatta.com/national/guru-granth-sahib-sacrilege-protest-continue-in-punjab-paramilitary-forces-ready//45183 Date Accessed:20/10/2015		(पंजाब)

सांप्रदायिक रणनीतियां

सांप्रदायिक संगठन

रणनीतियां	सम्मिलित संगठन
आगरा में नवरात्र के दौरान हिंदू संगठनों ने दी धमकी आगरा में बजरंग दल ,विश्व हिंदू महासंघ और धर्म जागरण मंच सहित हिंदू संगठनों ने नवरात्रि के दौरान प्रशासन से मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग करते हुए धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो एसिड फेंककर हमला किया जाएगा। http://www.catchnews.com/lucknow-news/agra-hindu-outfits-threaten-acid-attacks-on-meat-shops-during-navratri-1444882825.html Date Accesed: 15/10/2015	बजरंग दल, विश्व हिंदू महासंघ, धर्म जागरण मंच
जम्मू में हिंदू संगठनों ने बंद आयोजित किया जम्मू के ऊधमपुर और रियासी जिले में तीन गायों का शव मिलने की कथित घटना के बाद बंद का आयोजन किया गया। इस बंद का आयोजन विहिप ,शिवसेना ,कश्मीर नेशनल पैंथर पार्टी सहित कई हिंदू संगठनों ने किया। पुलिस ने बयान दिया है कि इसके जरिए बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की योजना थी। http://www.hindustantimes.com/cities/cow-killings-shutdown-protests-disrupt-life-in-udhampur-reasi/story-g8DVjWA8yPxaUdgLvHSA1L.html http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/udhampur-truck-attack-police-attack-part-of-larger-plan-to-engineer-communal-tension/ Date Accessed: 9/10/2015	विहिप ,शिवसेना ,कश्मीर नेशनल पैंथर पार्टी और अन्य संगठन
एबीवीपी ने दादरी हत्याकांड में की आपत्तिजनक टिप्पणी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दादरी कांड में बयान देते हुए कहा कि यह बीफ से जुडा हुआ मुद्दा नहीं है बल्कि मोहम्मद अखलाक के बेटे का हिंदू लड़की के साथ संबंध था। यह बयान एबीवीपी के अवध क्षेत्र सेक्रेटरी सत्यभान ने दिया है। http://www.jansatta.com/national/dadri-lynching-result-of-akhlaq-son-affair-with-hindu-girl-abvp-to-claim/46072/ Date Accessed: 26/10/2015	अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद
विहिप ने की होटल पीटरहाफ का नाम बदलने की मांग विहिप ने हिमाचलप्रदेश के होटल पीटरहाफ का नाम बदलकर महर्षि बाल्मीकि के नाम पर करने की मांग की है। आजादी के बाद होटल पीटरहाफ में पंजाब हाइकोर्ट था और महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे पर यहां मुकदमा चला था। http://www.hindustantimes.com/punjab/vhp-wants-peterhoff-to-be-named-after-valmiki/story-QeSNF8Ls4KSx2TjiG8C3JJ.html Date Accessed: 29/10/2015	विश्व हिंदू परिषद
मुस्लिम युवक को आरएसएस की शाखा में जबरन शामिल किया उत्तरप्रदेश के सिद्दार्थनगर जिले में आरएसएस की शाखा में 8वीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय गुलजार अहमद को जबरन ले जाया गया। गुलजार के पिता ने आरोप लगाते हुए राज्य अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। आरएसएस का कैप भाजपा नेता जगदंबिका पाल के स्कूल में आयोजित किया गया था। http://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/a-muslim-father-alleges-	राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

school-took-son-to-attend-rss-camp/articleshow/49523772.cms Date Accessed: 25/10/2015	
केरल में हिंदू संगठनों की गाय की राजनीति आरएसएस से जुडे हुए संगठन केरल के गुरूव्यायुर मंदिर में गोकुलम गोशाला की गायों की सुरक्षा की मांग को लेकर पूरे राज्य में प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं। हिंदू संगठनों का आरोप है कि गोशाला में गायें असुरक्षित हैं और सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। http://timesofindia.indiatimes.com/city/kozhikode/Sangh-parivar-to-launch-agitation-demanding-to-protect-cows-in-Gokulam/articleshow/49524450.cms Date Accessed: 25/10/2015	आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू ऐक्यवादी
हिमाचल प्रदेश में गौहत्या के आरोप में युवक की हत्या सिरमौर जिले में गौहत्या के आरोप में एक मुस्लिम व्यक्ति की भीड़ ने पीटकर हत्या कर दी। मृतक उत्तरप्रदेश का निवासी नोमान दिहाड़ी मजदूर था। इस हत्या में लगे आरोपों में बजरंग दल का नाम आया है। http://www.bhaskar.com/news-ht/HIM-SHI-OMC-man-lynched-to-death-in-himachal-pradesh-5143203-PHO.html	बजरंग दल
आरएसएस बढा रहा है अपना आधार आरएसएस के आंकड़ों के अनुसार आरएसएस के सदस्यों की संख्या में पिछले दो सालों के दौरान दुगुनी बढत हुई है। इनमें युवा की संख्या अधिक है। पश्चिम बंगाल में आरएसएस सदस्यों की संख्या मे बृद्धि हो रही है। पश्चिम बंगाल में 2013 में शाखाओं की संख्या 650 थी जिसके बढकर 1200 के करीब होने का अनुमान है। संघ की महिला शाखा राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ने के लिए महिलाएं भी आवेदन कर रही हैं। http://www.ahmedabadmirror.com/ahmedabad/cover-story/200-in-2-years/articleshow/49419850.cms http://scroll.in/article/762110/rss-predicts-bengal-branches-will-double-with-rising-muslim-population Date Accessed: 17/10/2015	राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ
गरबा की राजनीति विहिप ने गुजरात में गरबा के दौरान बैनर लगाकर गैर हिंदुओं को गरबा में शामिल होने से रोकने की अपील की। हालांकि गुजरात में गरबा आयोजित करने वाले क्लबों ने ऐसा करने से मना किया। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/gujarat/ahmedabad/vhp-puts-up-banners-asking-non-hindus-not-to-take-part-in-garba/articleshow/49345356.cms http://navbharattimes.indiatimes.com/india/garba-polarization-attempt-to-vhp/articleshow/49356340.cms Date Accessed: 15/10/2015	विश्व हिंदू परिषद
विहिप ने की धर्मांतरण रोकने वाले कानून की मांग विहिप ने झारखंड में धर्मांतरण रोकने के कानून की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि राज्य में ईसाई मिशनरियां जनजातियों का धर्मांतरण कर ईसाई बना रही हैं। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/jharkhand/ranchi/vhp-demands-law-against-religious-conversion/articleshow/49340586.cms Date Accessed: 13/10/2015	विश्व हिंदू परिषद
कन्नड़ लेखिका को जान से मारने की धमकी कन्नड़ लेखिका चेतना तीर्थहल्ली पर हिंदू विरोधी लेख लिखने का आरोप लगाकर बलात्कार और एसिड अटैक की धमकी दी गयी। चेतना तीर्थहल्ली बीफ प्रतिबंध और सांप्रदायिक हिंसा पर मुखर रही हैं। http://aajtak.intoday.in/story/woman-writer-from-karnataka-threatened-with-rape-acid-attack-after-she-questioned-beef-ban-1-839371.html Date Accessed: 25/10/2015	अज्ञात
दलित लेखक पर हमला कर्नाटक के दावनगिरि में युवा लेखक हुचंगी प्रसाद पर 10 अज्ञात हमलावरों ने हमला किया। लेखक ने अपने बयान में कहा है कि हमलावरों ने हिंदुत्व के खिलाफ लिखने के लिए उनकी अंगुलियां काटने की धमकी दी। होचंगी प्रसाद ने जाति व्यवस्था के खिलाफ 'ओडाला किच्चु' नाम की किताब लिखी है। http://epaper.jansatta.com/621449/Jansatta.com/Jansatta-Hindi-24102015#page/1/1 Date Accessed: 24/10/2015	अज्ञात
नाथूराम गोडसे की फांसी के दिन मनेग बलिदान दिवस हिंदू महासभा ने नाथूराम गोडसे के फांसी दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। 15	हिंदू महासभा

नवंबर के दिन नाथूराम गोडसे को महात्मा गांधी की हत्या करने के मामले में फांसी की सजा मिली थी। http://www.dnaindia.com/india/report-hindu-mahasabha-to-observe-nathuram-godse-s-death-anniversary-as-balidan-diwas-2136404 Date Accessed: 19/10/2015	
आस्ट्रेलियाई नागरिकों पर हमला बेंगलुरू में दो आस्ट्रेलियाई नागरिकों पर हिंदू देवी येलेम्मा का टैटू गुदवाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। विदेशी नागरिकों पर आरोप था कि उन्होंने इसके जरिए धर्म का अपमान किया है। http://indianexpress.com/article/cities/bangalore/australian-couple-allegedly-harassed-over-tattoo-of-hindu-goddess-in-bengaluru/ Date Accessed: 20/10/2015	भाजपा
कारसेवकों की मौत पर विहिप करेगी कार्यक्रम 2 नवंबर, 1990 को कारसेवकों पर की गयी पुलिस कार्यवाई के 25 साल पूरे होने पर विहिप अयोध्या में एक आयोजन करेगी। http://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/VHP-to-remember-martyrs-of-temple-movement-on-Nov-2/articleshow/49574014.cms Date Accessed: 25/10/2015	विश्व हिंदू परिषद
अलीगढ में मीट बिक्री पर रोक की मांग अखिल भारत हिंदू महासभा ने अलीगढ में दुकानों को चिन्हित करते हुए मांग किया कि नवरात्र के दौरान मांस बिक्री पर रोक लगायी जाए। http://timesofindia.indiatimes.com/city/agra/Mahasabha-seeks-closure-meat-shops-near-temples-in-Aligarh/articleshow/49392049.cms Date Accessed: 15/10/2015	अखिल भारत हिंदू महासभा
हिंदू संगठन फैला रहे हैं नफरत हिंदू सेना के अध्यक्ष की शांति भंग करने के आरोपों में हुई गिरफ्तारी के बाद कई हिंदू संगठनों के नाम आ रहे हैं जो अलग-अलग राज्यों में नफरत फैला रहे हैं। जबलपुर में 12 से अधिक संगठन हैं जो लव जिहाद, गौ हत्या और धर्मांतरण के मुद्दे पर सक्रिय रहते हैं। विहिप, बजरंग दल, अखिल भारत हिंदू महासभा, धर्म सेना हिंदू क्रांति दल, हिंदू सेवा परिषद जैसे कई संगठन इनमें सक्रिय हैं। इसी तरह मुंबई के पनबेल में महाराणा प्रताप बटालियन गोडसे के फांसी के दिन को को शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। http://abpnews.abplive.in/ind/2015/10/28/article750115.ece/should-government-ban-these-hindu-organization Date Accessed:28/10/2015	हिंदू सेना, विहिप, बजरंग दल, अखिल भारत हिंदू महासभा, धर्म सेना हिंदू क्रांति दल, हिंदू सेवा परिषद, महाराणा प्रताप बटालियन
कर्नाटक में बजरंग दल का गोरक्षा अभियान कर्नाटक के उडुपी में पशु व्यापारी पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गाय चोरी की अफवाह के बाद लोहे की छड़ से जानलेवा हमला किया। संगठन ने बयान जारी कर कहा है कि बजरंग दल ने पिछले दो महीने के दौरान 16 ऐसी कार्यवाइयां की हैं। इस घटना में बजरंग दल के 10 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/other-states/bangalore/chennai/cattle-trader-attacked-in-karnataka-bajrang-dals-district-convenor-takes-responsibility/articleshow/49285774.cms Date Accessed:9/10/2015	बजरंग दल
सार्वजनिक भूमि का राजनीतिकरण मंगलुरू में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों के साथ सार्वजनिक भूमि के विवाद को लेकर धरना और रैली का आयोजन किया गया। संगठनों का आरोप है कि श्मसान की जमीन का हिस्सा प्रशासन ने दूसरे समुदाय के लोगो को दे दिया, जबकि यह हिंदुओं, ब्रह्म समाज और दलितों द्वारा इस्तेमाल की जाती रही है। http://www.thehindu.com/news/cities/Mangalore/move-to-hand-over-part-of-burial-ground-opposed/article.7752291ece Date Accessed: 12/10/2015	विहिप, बजरंग दल और स्थानीय लोग
हिंदू संगठन ने पाकिस्तानी कलाकारों के कार्यक्रम को बाधित किया म्यूनिसिपल कार्पोरेशन, गुड़गांव द्वारा आयोजित पाकिस्तानी कलाकारों के कार्यक्रम को हिंदू संगठनों ने बाधित किया। इस हमले में शिवसेना का हाथ होने की संभावना जतायी जा रही है। http://indiatoday.intoday.in/story/gurgaon-hindu-outfit-disrupts-pakistani-artistes-play/.506636/1html Data Accessed:25/10/2015	शिवसेना

रैलियों में मुस्लिमों का विरोध बिहार के रोहतास जिले में डेहरी ऑन सोन के विधायक प्रदीप जोशी अपनी रैलियों में मुस्लिमों का विरोध करते रहे हैं। वे रैलियों में कहते हैं कि यदि कोई मुसलमान हो यहां से चले जाए क्योंकि मुझे मुस्लिमों का वोट नहीं चाहिए। प्रदीप जोशी हिंदू सेवा दल नाम का राजनीतिक संगठन चलाते हैं, जिसका नाम बदलकर राष्ट्रीय सेवा दल हो गया है। http://navbharattimes.indiatimes.com/assembly-elections-2015/bihar-assembly-elections-2015/special-news/state-election-news-muslims-please-leave-my-rally-we-dont-want-your-votes-meet-this-challenger-to-the-bjp/articleshow/49287985.cms Date Accessed:9/10/2015	राष्ट्रीय सेवा दल (हिंदू सेवा दल)
गो रक्षा दल के लोग फैला रहे हैं सांप्रदायिकता दिल्ली के आस-पास के इलाकों में सक्रिए गो रक्षा ईकाइयां सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ रही है। इसमें गोरक्षा दल प्रमुख तौर पर सक्रिए है जो सोशल साइट पर आपत्तिजनक पोस्ट और वीडियो जारी करते हैं। http://khabar.ndtv.com/news/india/in-delhi-bjp-led-mob-of-cow-vigilantes-makes-open-threats-1230188 Date Accessed: 9/10/2015	गो रक्षा दल
बनारस में घर वापसी का आयोजन बनारस के ओसनपुर गांव में 300 लोगों का धर्मांतरण कराए जाने की खबर है। इस कार्यक्रम को लेकर धर्म जागरण समन्यव समिति विभाग का नाम आ रहा है। http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/varanasi/allahabad/ghar-wapsi-of-300-sparks-row-in-varanasi/articleshow/49316992.cms Date Accessed: 12/10/2015	धर्म जागरण समन्वय समिति (राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ)
अतिवादी लेखन	
दादरी की हत्या को सही ठहराया आरएसएस की पत्रिका ने आरएसएस की पत्रिका पांचजन्य में प्रकाशित एक लेख में वेदों का हवाला देकर दादरी में हुई हत्या को सही ठहराने की कोशिश की गयी। लेख में कहा गया है कि वेद का आदेश है कि गौर हत्या करने वाले के प्राण ले लो। http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/rss-mouthpiece-defends-dadri-vedas-order-killing-of-sinners-who-kill-cows/ Date Accessed:11/10/2015	पांचजन्य (राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ)
हिन्दू विरोधी थे पेरियार: पांचजन्य पांचजन्य में प्रकाशित एक लेख में प्रसिद्ध समाज सुधारक व निरीश्वरवादी चिंतक व राजनीतिज्ञ पेरियार को नस्लवादी, अलगाववादी, देशद्रोही और हिंदू धर्म का अपमान करने वाले तथा इस्लाम व ईसाई धर्म को बढ़ावा देने वाले व्यक्ति के रूप में चित्रित किया है। http://panchjanya.com//Encyc 2 नवम्बर, 2015 अंक 24	पांचजन्य
वेद ही भारतीय इतिहास है: आर्गनाईजर आर्गनाईजर द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डा. आर.सी. भारद्वाज ने कहा है कि स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों में पढ़ाये जाने वाले इतिहास में ईसाईयों, कम्युनिस्टों और यूरोपियन इतिहासकारों ने वेदों के इतिहास को तरजीह नहीं दी। रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा कि अब केन्द्र में ऐसी सरकार है, जो वेदों को इतिहास के तौर पर भारत में स्थापित करेगा। http://organiser.org//Encyc/2015/10/5/Report---Reassessing-the-Vedic-Chronology.aspx 11 अक्टूबर 2015, अंक 15	आर्गनाइजर

न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया
उत्तरप्रदेश अल्पसंख्यक आयोग ने सांप्रदायिक हिंसा पर नोटिस भेजा उत्तरप्रदेश अल्पसंख्यक आयोग ने दस जिलों को सांप्रदायिकता के मामलों में नोटिस जारी किया। इन जिलों में दुर्गा पूजा और मुहर्रम के दौरान हिंसक घटनाएं हुई थीं। एक अन्य मामले में सिद्धार्थ नगर के जिला मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया गया। सिद्दार्थ नगर में लिखित शिकायत में एक मुस्लिम लड़के को जबरन आरएसएस की शाखा में ले जाने का आरोप लगा था। http://www.dailypioneer.com/state-editions/commission-issues-notice-in-immersion-violence-row.html

Date Accessed: 28/10/2015

ईसाइयों के धर्मांतरण मामले में जांच शुरू

झारखंड के गुमला जिले मे 100 असुर आदिवासी परिवारों को ईसाई बनाए जाने के आरोपों की जांच शुरू हो गयी है।
http://www.hindustantimes.com/india/jharkhand-gumla-administration-begins-probe-into-conversions/story-1N9i5s8ZyG66vejpPt3oXP.html
Date Accessed:12/10/2015

हिंदू रक्षा दल की गिरफ्तारी

ग्रेटर नोएडा के बिसाहडा में उकसाऊ भाषण देने के मामले में हिंदू रक्षा दल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी। हिंदू रक्षा दल पर आरोप था कि उनके कार्यकर्ताओं मे गांव में सभा के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को धमकाया था।
http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/complaint-against-the-hindu-raksha-dal/articleshow/49231274.cms
Date Accessed: 6/10/2015

विहिप नेता प्राची का बिसाड़ा गांव जाने पर प्रतिबंध

मुजफ्फरनगर दंगे में आरोपी विहिप नेता साध्वी प्राची को बिसाड़ा गांव में जाने पर रोक लगा दी गयी है।
http://www.telegraphindia.com/1151008/jsp/nation/story_46781.jsp#.VhdKAfmqqko
Accessed:8/10/2015

साध्वी प्राची के सभा के आयोजन में एफ़आईआर

बरेली में जिला प्रशासन की अनुमति के बिना साध्वी प्राची की सभा करने के मामले में पुलिस 171 लोगों पर एफ़आईआर दर्ज किया। दर्ज किए गए मामले भड़काऊ भाषण, धर्म स्थल को नुकसान पहुंचाने और बिना अनुमति के सभा आयोजित करने के लिए दर्ज किए गए हैं।
http://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/prachi-nun-on-171-cases-including-21-supporters/articleshow/49311474.cms
Date Accessed:12/10/2015

दादरी घटना पूर्व नियोजित थी : राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने अपने एक बयान में कहा कि दादरी की घटना पूर्व नियोजित थी। अध्यक्ष नसीम अहमद के नेतृत्व में आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने बिसाहड़ा गांव का दौरा किया और जांच में पाया था घटना पूर्व नियोजित हो सकती है।
http://www.thequint.com/india/2015/10/21/dadri-lynching-pre-planned-national-commission-for-minorities
Date Accessed:21/10/2015

फैजाबाद में मस्जिद में विस्फोट में शामिल दो युवक गिरफ्तार

12 अक्टूबर को फैजाबाद में मस्जिद के पास बम विस्फोट करने के मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में हिंदू युवा वाहिनी का कार्यकर्ता भी जुडा हुआ है जो इससे पहले भी गिरफ्तार हुआ था। पुलिस ने श्री राम हिंदू भाई नाम के व्हाट्स ग्रुप में फैलाए गए संदेशों के आधार पर गिरफ्तारी की।
http://indianexpress.com/article/cities/lucknow/two-youths-arrested-for-blast-at-mosque/
Date Accessed:19/10/2015

हिमाचल में हुई हत्या में 1 गिरफ्तार

हिमाचल में गोहत्या के आरोप में मारे गए नोमान अख्तर की हत्या के मामले में पुलिस ने एक गिरफ्तारी की है। इसके बाद विहिप ने गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया और आरोपी को रिहा करने की मांग शुरू कर दी।

http://timesofindia.indiatimes.com/india/One-arrested-in-Himachal-lynching-case/articleshow/49461492.cms
Date Accessed:20/10/2015

श्री डूंगरगढ़ हिंसा में जांच की मांग

आरएसएस और भाजपा पर आरोप लगाते हुए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार से बीकानेर जिले के श्री डूंगरगढ़ में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच की मांग की है।
http://www.thehindu.com/news/national/other-states/gehlot-seeks-probe-into-sridungargarh-violence/article7815830.ece
Date Accessed:29/10/2015

संजीव भट्ट की याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट की याचिका खारिज कर दी। याचिका में संजीव भट्ट ने अपने खिलाफ दायर दो एफ़आईआर की जांच एसआईटी से कराने का अनुरोध किया था।
http://www.thehindu.com/news/national/sc-says-no-to-sanjiv-bhatt-plea-seeking-sit-probe/article7756767.ece?homepage=true
Date Accessed:15/10/2015

उ.प्र. पुलिस ने ट्विटर से की शिकायत

उत्तरप्रदेश पुलिस ने ट्विटर पर लिखे गए आपत्तिजनक संदेशों को लेकर लिखित शिकायत करते हुए इन संदेशों को हटाने के लिए कहा। 30 सितंबर को

दादरी कांड के बाद कई भड़काऊ पोस्ट ट्विटर पर पोस्ट किए गए थे।
http://www.jansatta.com/national/dadri-murder-up-police-write-a-letter-to-tweeter-asks-to-remove-inflammatory-post/43139/
Date Accessed: 6/10/2015

हिंदू रक्षा दल के खिलाफ रिपोर्ट

ग्रेटर नोएडा के बिसाहड़ा में हिंदू रक्षा दल के खिलाफ भड़काऊ भाषण का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि हिंदू रक्षा दल के लोगों ने गांव के मंदिर पर बिना प्रशासन की अनुमति के सभा आयोजित किया।
http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/noida/complaint-against-the-hindu-raksha-dal/articleshow/49231274.cms
Date Accessed: 6/10/2015

सांप्रदायिक कथन

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दिया विवादित बयान

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा मुस्लिम इस देश में रह सकते हैं, लेकिन उन्हें बीफ खाना छोड़ना होगा क्योंकि गाय यहां विश्वास और आस्था की चीज है।
http://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/chandigarh/haryana-cm-denies-saying-muslims-can-live-in-this-country-but-will-have-to-give-up-beef/articleshow/.49400831cms
Date Accessed: 16/10/2015

सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े

उत्तरप्रदेश में गौ हत्या के मामले

आरटीआई में दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने गौ हत्या के मामले में वर्ष 2011 में 2,456 केस दर्ज किया। 2012 में 3,655, वर्ष 2013 में 5,012 और 2014 में 4,400 मामले दर्ज किए गए थे। 2015 के जून तक दर्ज किए गए आंकड़ों की संख्या 2,118 है। ज्यादातर दर्ज मामले पश्चिमी उत्तरप्रदेश के हैं जहां कट्टर हिंदू संगठन गाय से जुडे हुए राजनीतिक अभियान चला रहे हैं।
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/riot-hit-up-sees-surge-in-cow-slaughter-cases/
Date Accessed: 11/10/2015

झारखंड में सबसे ज्यादा सांप्रदायिक घटनाएं

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो 2014 के आंकड़ों के अनुसार झारखंड में सबसे ज्यादा 349 घटनाएं ,हरियाणा में 207 घटनाएं और तमिलनाडु में 120 घटनाएं दर्ज की गयीं। आंकड़ों के अनुसार उत्तरप्रदेश में सांप्रदायिक हिंसा के केवल 51 घटनाएं और महाराष्ट्र में 99 घटनाएं दर्ज की गयीं।
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/communal-violence-numbers-most-flare-ups-in-jharkhand-but-up-incidents-serious/
Date Accessed: 31/10/2015

Connect with RGICS at: info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।